# यूपी में निवेश बढ़ाने को मुंबई में बैठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इंवेस्ट यूपी ने मुंबई में निवेशकों के साथ गोलमेज सत्र में उत्तर प्रदेश की वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति पर चर्चा की।

इसमें उद्योग जगत के प्रमुख, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेशकों को एक निवेश अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। इंवेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी मौजूद रहे।